# केंद्रीय विद्यालय संगठन, बेंगलूरु संभाग
## प्रथम प्री-बोर्ड परीक्षा (सत्र-2025-26)

**कक्षा– 10 वीं** | **निर्धारित समय : 3 घंटे**
**विषय–हिन्दी (अ)** | **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश: निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :-**

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 18 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| प्रश्न सं. | **खण्ड- क→ (अपठित बोध)** | 14 |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।**<br>भारतीय धर्म और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्त्व है। आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्त्व को प्रायः सभी दर्शनों व भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। आधुनिक युग में योग का महत्त्व बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है । यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है, तो वह संसार में रहकर जीवन का सुख भोग सकता है और अपने सभी कर्त्तव्यों एवं मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। शरीर ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने सभी कार्यों को संपन्न कर सकते हैं। इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्त्तव्य है, जिसे योग द्वारा स्वस्थ बनाया जा सकता है। 21 जून, 2015 को प्रथम बार संपूर्ण विश्व में 'विश्व योग दिवस' मनाया गया। इसके साथ ही यह घोषणा भी की गई कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। योग प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति का अंग रहा है। हमारे पूर्वजों ने बहुत समय पहले ही इसका आविष्कार कर लिया था और इसके महत्त्व को पहचान लिया था। इसलिए योग पद्धति सदियों बाद भी जीवित है। योग करने से न केवल तन की थकान दूर होती है, बल्कि मन की थकान भी दूर होती है। योग करने वाला व्यक्ति अपने अंग-प्रत्यंग में एक नए उत्साह एवं स्फूर्ति का अनुभव करता है। योग करने से शरीर के प्रत्येक अंग में रक्त का संचार सुचारु रूप से होता है तथा शरीर रोगमुक्त रहता है। अतः योग दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में योग से प्राप्त होने वाले लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है । मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में योग पूर्णतः सक्षम है। | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(क) गद्यांश के आधार पर बताइए कि हमारा प्रथम कर्त्तव्य क्या है? (1)**<br>(i) शरीर को स्वस्थ रखना (ii) योग करना<br>(iii) मनोकामनाओं को पूर्ण करना (iv) इनमें से कोई नहीं<br>**(ख) निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए (1)**<br>**मनुष्य को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए, क्योंकि**<br>1. वह स्वस्थ रहकर ही जीवन के समस्त सुख भोग सकता है।<br>2. वह स्वस्थ रहकर ही अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण नहीं कर सकता है।<br>3. वह स्वस्थ रहकर ही मृत्यु पर विजय प्राप्त कर सकता है।<br>4. वह स्वस्थ रहकर ही जीवन की व्यस्तताओं से बच सकता है।<br>कूट<br>(i) केवल 1 सही है ।<br>(ii) केवल 2 सही है।<br>(iii) 1 और 3 सही हैं।<br>(iv) 3 और 4 सही हैं।<br>**(ग) कथन (A) योग का आविष्कार अर्वाचीन समय का ही है। (1)**<br>**कारण (R) मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में योग पूर्णतः सक्षम नहीं है।**<br>(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।<br>**(घ) योग दिवस किस उद्देश्य से मनाया जाता है? (2)**<br>**(ङ) प्रस्तुत गद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है? (2)** | |
| 2 | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।**<br>थूके, मुझ पर त्रैलोक्य भले ही थूके,<br>जो कोई जो कह सके, कहे, क्यों चूके<br>छीने न मातृपद किंतु भरत का मुझसे,<br>रे राम, दुहाई करूँ और क्या तुझसे?<br>कहते आते थे यही अभी नरदेही,<br>'माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही ।'<br>अब कहें सभी यह हाय ! विरुद्ध विधाता-<br>'है पुत्र-पुत्र ही, रहे कुमाता माता ।'<br>बस मैंने इसका बाह्य मात्र ही देखा,<br>दृढ़ हृदय न देखा, मृदुल गात्र ही देखा | **7** |

| | | |
|---|---|---|
| | परमार्थ न देखा, पूर्ण स्वार्थ ही साधा,<br>इस कारण ही तो हाय आज यह बाधा<br>युग-युग तक चलती रहे कठोर कहानी-<br>'रघुकुल में भी थी एक अभागिन रानी ।'<br>निज जन्म-जन्म में सुनें जीव यह मेरा-<br>'धिक्कार ! उसे था महा स्वार्थ ने घेरा' !<br>"सौ बार धन्य वह एक लाल की माई,<br>जिस जननी ने है जना भरत-सा भाई"<br>पागल-सी प्रभु के साथ सभा चिल्लाई-<br>"सौ बार धन्य वह एक लाल की माई" !<br>**(क) प्रस्तुत काव्यांश के मूल में क्या है? (1)**<br>(i) राम के वन आगमन पर कैकेयी की प्रसन्नता<br>(ii) कैकेयी का पश्चाताप<br>(iii) भरत का राज – तिलक<br>(iv) राम का वन आगमन<br>**(ख) परमार्थ न देखा, पूर्ण स्वार्थ ही साधा का अर्थ है - (1)**<br>(i) अपना स्वार्थ न देखा और दूसरों का भला सोचा<br>(ii) अपना ही स्वार्थ देखा और दूसरों का भला न सोचा<br>(iii) परमार्थ के लिए अपना स्वार्थ छोड़ दिया<br>(iv) स्वार्थ के लिए परमार्थ को अपना लिया<br>**(ग) कैकेयी का पश्चाताप सिखाता है कि (1)**<br>1. अपने सुख के लिए दूसरों को दुःख न दें।<br>2. भरत जैसे पुत्र मुश्किल से ही पैदा होते हैं।<br>3. स्वार्थ की भावना कभी फलीभूत नहीं होती ।<br>4. स्वार्थ की भावना को सर्वोपरि रखना चाहिए।<br>कूट<br>(i) 1 और 2 सही हैं<br>(ii) 1 और 3 सही हैं<br>(iii) 1, 2 और 3 सही हैं'<br>(iv) 3 और 4 सही हैं<br>**(घ) 'माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही' से क्या आशय है? (2)**<br>**(ङ) प्रस्तुत काव्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए \| (2)** | |
| | **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| **3** | **निर्देशानुसार वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**<br>(क) 'बालगोबिन जानते थे कि अब <u>बुढ़ापा आ गया</u> है।' आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए । | **1×4 = 4** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) 'रोहन के हाथ में चोट लग गई है, इसलिए वह स्कूल नहीं जा सकेगा।' प्रस्तुत वाक्य का रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए \|<br>(ग) 'जैसे ही सूर्योदय हुआ, फूल खिल उठे।' इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए ।<br>(घ) 'चौकीदार आकर डंडा घुमाकर चला गया।' इसका मिश्रित वाक्य क्या होगा?<br>(ङ) 'वह परिश्रम करने के कारण सफल हो गया।' संयुक्त वाक्य में लिखिए । | |
| **4** | **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>(क) 'शीला अग्रवाल द्वारा लेखिका के साहित्य का दायरा बढ़ाया गया।' कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिए \|<br>(ख) 'क्या यह पत्र तुम्हारे द्वारा लिखा गया है?' वाच्य का प्रकार बताइए ।<br>(ग) पुलिस द्वारा चेतावनी दी गई।' कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिए ।<br>(घ) 'मैं अब नहीं खा पाता।' भाववाच्य में परिवर्तित कीजिए ।<br>(ङ) 'पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़े।' कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए । | **1×4 = 4** |
| **5** | **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद परिचय उत्तर दीजिए।**<br>(क) वह विश्वास <u>के योग्य</u> नहीं है।<br>(ख) <u>हम</u> सभी बाहर जा रहे हैं।<br>(ग) इसके चलते ही मैं दो-एक बार <u>उनके</u> कोप से बच गई थी ।<br>(घ) <u>अचानक</u> वर्षा होने लगी।<br>(ङ) वह <u>बहुत</u> सुंदर लड़की है। यहाँ तो <u>बहुत</u> पानी फैला है। | **1×4 = 4** |
| **6** | **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**<br>(क) 'तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे <u>यह गागर रीति</u>' रेखांकित पंक्ति में निहित अलंकार बताइए ।<br>(ख) 'कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर जाए । हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।' - प्रस्तुत काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?<br>(ग) 'मखमल के झूले पड़े हाथी-सा टीला ।' प्रस्तुत काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है ?<br>(घ) 'उषा सुनहले तीन बरसती, जयलक्ष्मी सी उदित हुई । - प्रस्तुत काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?<br>(ङ) पंखुरी लगे गुलाब की परि है गात खरोट । इन भाव पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? | **1×4 = 4** |
| | **खंड-ग→(पाठ्यपुस्तक और पूरक पाठ्यपुस्तक)** | **30** |
| **7** | **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।** | **1×5 = 5** |

खेती बारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले । कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखा झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी – कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कौतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते । वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – जो उनके घर से चार कोस दूरी पर था – एक कबीरपंथी मठ से मतलब ! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

**(क) लेखक के अनुसार बालगोबिन भगत साधु क्यों थे?**
(i) क्योंकि वे साधु की तरह दिखते थे
(ii) क्योंकि वे मोह-माया से दूर थे
(iii) क्योंकि वे सच्चे साधुओं की तरह आचार-विचार रखते थे
(iv) क्योंकि वे किसी से लड़ते नहीं थे
**(ख) बालगोबिन भगत का कौन-सा कार्य व्यवहार लोगों के आश्चर्य का विषय था ?**
(i) जीवन के सिद्धांतों और आदर्शों का गहराई से आपने आचरण में पालन करना
(ii) गीत गाते रहना
(iii) किसी से झगड़ा न करना
(iv) अपना काम स्वयं करना
**(ग) बालगोबिन भगत के खेत में जो कुछ पैदा होता, उसे वे सर्वप्रथम किसे भेंट कर देते ?**
(i) गरीबों में (ii) घर में
(iii) मंदिर में (iv) कबीरपंथी मठ में
(घ) **'वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी।' यहाँ 'साहब' से क्या आशय है?**
(i) गुरु (ii) मुखिया
(iii) कबीर (iv) भगवान
उत्तर:
**(ङ) कथन (A) बालगोबिन भगत कबीर के ही आदर्शों पर चलते थे।**
**कारण (R) वे कबीर की विचारधारा से प्रभावित थे।**
कूट
(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(iii)कथन (A)और कारण (R)दोनों सही हैं तथा कारण (R),कथन (A)की सही व्याख्या है।
(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| 8 | **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।**<br>(क) 'एक कहानी यह भी ' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक गुणों का वर्णन कीजिए ।<br>(ख) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर बताइए कि शहनाई को सुषिर वाद्यों में 'शाह' की उपाधि क्यों दी गई होगी?<br>(ग) कैप्टन के प्रति पानवाले ने क्या व्यंग्यात्मक टिप्पणी की थी? इस व्यंग्यात्मक टिप्पणी पर आप अपनी प्रतिक्रिया लिखिए \|<br>(घ) वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए । | **3x2 = 6** |
| 9 | **निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।**<br><br>अट नहीं रही है हट नहीं रही है।<br>आभा फागुन की तन<br>पत्तों से लदी डाल<br>सट नहीं रही है।<br>कहीं हरी, कहीं लाल, कहीं साँस लेते हो,<br>कहीं पड़ी है उर में<br><br>घर – घर भर देते हो,<br>मंद-गंध- पुष्प-माल,<br>उड़ने को नभ में तुम<br>पाट-पाट शोभा – श्री<br>पर – पर कर देते हो,<br>पट नहीं रही है।<br>आँख हटाता हूँ तो<br>हट नहीं रही है।<br><br>**(क) कथन (A) फांगुन साँस लेता है।**<br>**कारण (R) फागुन के साँस लेने से संपूर्ण प्रकृति सुगंध से भर रही है।**<br>(i) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(iii)कथन (A)और कारण(R)दोनों सही हैं तथा कारण (R),कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | **1×5 = 5** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(ख) 'अट नहीं रही है' पंक्ति से कवि का क्या आशय है?**<br>(i) फागुन की सुंदरता बढ़ नहीं रही है<br>(ii) फागुन की सुंदरता कहीं भी समा नहीं रही है<br>(iii) चारों ओर फूल खिल नहीं पा रहे हैं<br>(iv) पेड़-पौधे वृद्धि नहीं कर पा रहे हैं<br>**(ग) कवि ने बादलों को 'कवि' की संज्ञा क्यों दी है? सही विकल्प का चयन कीजिए**<br>1. कल्पना के विस्तार के समान होने के कारण<br>2. बिजली को पैदा करने के कारण<br>3. वर्षा करने के कारण<br>4. नवीन कविता के समान नई चेतना का संचार करने के कारण<br>कूट<br>(i) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ii) कथन 3 और 4 सही हैं।<br>(iii) केवल कथन 3 सही है।<br>(iv) केवल कथन 4 सही है।<br>**(घ) 'पाट-पाट शोभा श्री' का अर्थ है**<br>(i) वृक्षों पर फूल-पत्ते लदे पड़े हैं<br>(ii) स्थान-स्थान पर सौंदर्य बिखरा हुआ है।<br>(iii) मौसम सुहावना हो गया है<br>(iv) आसमान में सुंदर पक्षी उड़ रहे हैं<br>**(ङ) कवि किस ओर से आँखें नहीं हटाना चाहता ?**<br>(i) काले-काले बादलों की ओर से<br>(ii) प्राकृतिक सुंदरता की ओर से<br>(iii) विशाल पर्वत श्रृंखला से<br>(iv) प्रियतमा की ओर से | |
| **10** | **कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।**<br>(क) लक्ष्मण और परशुराम के मध्य हुए वाद-विवाद का क्या कारण था? 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद' के आधार पर उत्तर दीजिए ।<br>(ख) कवि ने बादलों की सुंदरता का बखान किस प्रकार किया है? 'उत्साह' कविता के आधार पर वर्णन कीजिए।<br>(ग) 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर कवि अपने जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं बताना चाहता था ?<br>(घ) आप अपने जीवन में मुख्य कलाकार की भूमिका निभाना पसंद करेंगे या संगतकार (सह कलाकार) की ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । | **3x2 = 6** |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | **पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए ।**<br>(क) भोलानाथ और उसके मित्र सामूहिक रूप से खेल खेलते थे। 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए कि तत्कालीन व वर्तमान समय में बच्चों की खेल सामग्रियों में क्या परिवर्तन आए हैं? बच्चों के खेलों में हुए परिवर्तनों का उनके मूल्यों पर कितना प्रभाव पड़ा है?<br>(ख) लेखिका ने पहाड़ी श्रमिक महिलाओं के विषय में कहा है कि "कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं", 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के इस कथन के आधार पर राष्ट्र के विकास में मनुष्य की भूमिका का उल्लेख कीजिए ।<br>(ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है \| "मैं क्यों लिखता हूँ"पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | 2x4 = 8 |
| | **खंड-घ →(रचनात्मक लेखन)** | **20** |
| 12 | **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।**<br>**(क)सिनेमा और युवा पीढ़ी**<br>संकेत बिंदु<br>• भूमिका<br>• युवा पीढ़ी पर सकारात्मक प्रभाव<br>• युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव<br>• उद्देश्य प्रधान सिनेमा की आवश्यकता<br><br>**(ख) स्वच्छ भारत अभियान**<br>संकेत बिन्दु<br>•आरंभ और उद्देश्य<br>•जनसाधारण को प्रेरित करना<br>•छात्रों और सरकारी कर्मचारियों का सहयोग<br>• वेस्ट मैनेजमेंट तकनीकों को बढ़ावा<br><br>**(ग) मुसीबत में ही मित्र की परख होती है।**<br>संकेत बिंदु<br>• भूमिका<br>• अच्छे मित्र के गुण<br>• आदर्श मित्रों के उदाहरण<br>• सच्चे मित्र का चुनाव | **6** |
| 13 | आपके मोहल्ले की सड़कें बहुत टूटी-फूटी व कूड़े आदि की गंदगी से भरी रहती हैं। किसी प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र लिखकर सड़कों की मरम्मत व सफ़ाई की ओर नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कीजिए। (शब्द – सीमा लगभग 100 शब्द) | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>आप राहुल गर्ग/ सुमिता हैं। आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिताजी से पता चला कि आपका छोटा भाई धूम्रपान करता है। इस व्यसन के दोषों का उल्लेख करते हुए तथा उसे इससे मुक्त होने की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । | |
| **14** | आप वैशाली शर्मा / वैभव कुमार हैं। आपने रसायनशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर किया है तथा बी. एड. कर चुकी हैं। आपको सुबोध इंटरनेशनल अ ब स नगर में केमेस्ट्री की अध्यापिका के पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए ।<br>**अथवा**<br>आप रोहित कुमार/ रागिनी हैं। आप अपना बैंक खाता दूसरी शाखा में ट्रांसफर कराना चाहते हैं, इस संदर्भ में बैंक प्रबंधक को 80 शब्दों का ई-मेल लिखिए। | **5** |
| **15** | शहरों में प्रदूषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आप पर्यावरण विभाग की ओर से स्थानीय समाचार पत्र में विज्ञापन देना चाहते हैं। आप इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।<br>**अथवा**<br>आपके कक्षा अध्यापक को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए । | **4** |